फा.सं. मु.- गो.1103/2/2022-गो-1/1 (E-1438)

कर्मचारी चयन आयोग

******

महत्वपूर्ण सूचना

ध्यानाकर्षण: संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2020 के अभ्यर्थी

आयोग के संज्ञान में आया है कि कुछ निहित स्वार्थी तत्वों द्वारा संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2020 के दस्तावेज़ सत्यापन हेतु अर्हताप्राप्त अभ्यर्थियों से धन के बदले में उनके अंको में वृद्धि कराने / उनका चयन कराने के लिए संपर्क किया जा रहा है।

2. सामान्य रूप से आयोग की विभिन्न परीक्षाओं के अभ्यर्थियों और विशेष रूप से संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2020 के अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे इस तरह के जाल में न फंसें। आयोग दृढ़तापूर्वक सलाह देता है कि इस तरह के प्रलोभनों पर विश्वास न करें और किसी भी अभ्यर्थी द्वारा ऐसी कॉल प्राप्त होने पर पुलिस में शिकायत दर्ज करें।

3. कर्मचारी चयन आयोग अत्यंत पारदर्शी तरीके से योग्यता आधारित चयन में विश्वास करता है और अपनी परीक्षाओं की शुचिता और विश्वसनीयता को बनाए रखने का प्रयास करता है।

अध्यक्ष,
कर्मचारी चयन आयोग